(ख) मणि के बारे में लेखक ने यह सत्य एक ागर किया कि यह एक किस्म का पत्थर है जो गर्म होकर अँधेरे में जलने लगता है। जब तक वह ठंडा नहीं हो जाता, वह इसी तरह रोशन रहता है। साँप इसे दिन भर मुँह में रखता है ताकि यह गर्म रहे। रात को वह इसे किसी जंगल में निकालता है और इसकी रोशनी में कीड़े-मकौड़े खाता है।

(ग) उस आदमी ने मुझे पकड़ लिया और कहा, "भूलकर भी नीचे न जाइएगा, नहीं तो घर तक न पहुँचिएगा।" वह साँप यहीं पर कहीं-न-कहीं छिपा बैठा है।

(घ) लेखक को मणि देखने पर भी विश्वास नहीं हो रहा था, क्योंकि उसे इसकी पूर्ण जानकारी नहीं थी।

(ङ) बंदूक की जगह आदमी ने कीचड़ का इस्तेमाल किया। वह पेड़ पर चढ़ गया और उसने कीचड़ को मणि के ऊपर फेंक दिया।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. दिए गए वाक्यों में विशेषण छाँटिए और लिखिए कि ये विशेषण के कौन-से भेद के अंतर्गत आते हैं–**

**उत्तर–** (क) पचासों – अनिश्चित = संख्यावाचक

(ख) सात – निश्चित = संख्यावाचक

(ग) बीस – निश्चित = संख्यावाचक

**2. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैं | = | **हम** | वह | = | **वे** | मणि | = | **मणियाँ** |
| चीज | = | **चीजें** | खबर | = | **खबरें** | बंदूक | = | **बंदूकें** |

**3. नीचे दिए गए क्रिया-रूपों में आहट प्रत्यय का प्रयोग कर क्रिया को ध्वन्यात्मक रूप में परिवर्तित कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गुर्राना | = | **गुर्राहट** | घबराना | = | **घबराहट** |
| मुस्कराना | = | **मुस्कुराहट** | चहचहाना | = | **चहचहाहट** |
| हिनहिनाना | = | **हिनहिनाहट** | खटखटाना | = | **खटखटाहट** |
| ठकठकाना | = | **ठकठकाहट** | खड़खड़ाना | = | **खड़खड़ाहट** |

**4. नीचे दिए गए शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अधर्म | = | **अ + धर्म** | असत्य | = | **अ + सत्य** |
| अन्याय | = | **अ + न्याय** | अकाल | = | **अ + काल** |

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-4

## पिता का न्याय

## अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (iii) (ख) (i) (ग) (iii) (घ) (ii) (ङ) (iii)

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) ज्ञानी (ख) विवाह (ग) प्रसन्न, विश्वास

(घ) दावानल (ङ) आश्रम

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) इस कहानी से यह शिक्षा मिलती है कि धन तो धीरे-धीरे समाप्त हो जाता है परंतु ज्ञान वह धन है जो कभी भी घटता या समाप्त नहीं होता है। इसे आप जितना बाँटेंगे यह उतना ही बढ़ेगा।

(ख) विरोचन व केशनी ने उत्तर दिया, "मैं सांसारिक सुखों के लिए विवाह नहीं कर रही हूँ। मैं विवाह कर रही हूँ एक सुंदर हृदय वाले जीवनसाथी को प्राप्त करने के लिए जो ज्ञानवान और विचारवान हो।"

(ग) उसने केशनी से कहा, "राजकुमारी, मैंने सुना है कि तुम ऋषिकुमार सुधन्य के साथ विवाह करने जा रही हो। उसके साथ विवाह करने से तुम्हें कौन-सा

सुख मिलेगा? वह तो निर्धन है। तुम मुझसे विवाह कर लो। मेरे साथ विवाह करने से तुम्हें अपार सुख प्राप्त होगा, तुम आजीवन सुखी रहोगी।''

(घ) विरोचन के पिता स्वयं ज्ञानी थे इसलिए जानते थे कि सुधन्य का कथन ही सत्य है पर पुत्र-मोह के कारण उनकी जिह्वा विरोचन के विरुद्ध निर्णय देने में सकुचा रही थी। वे कई दिनों तक द्वंद्व में फँसे रहे। अंत में पुत्र-मोह पर ज्ञान की जीत हुई। उन्होंने कहा कि सुधन्य ही श्रेष्ठ है।

(ङ) केशनी ने कहा, ''अच्छा, कल प्रातःकाल सुधन्य यहाँ आएगा, उसी समय आप भी आ जाएँ। वाद-विवाद में आप दोनों में जो विजयी होगा, मैं उसी के साथ विवाह करूँगी, पर जो हार जाएगा, उसे दूसरे के चरण पखारने पड़ेंगे।''

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. निम्नलिखित उपसर्गों से बने एक-एक शब्द पाठ में से चुनकर लिखो और एक-एक अन्य भी लिखिए–**

**उत्तर–** (क) अ = **अद्‌वितीय, अज्ञान** (ख) वि = **विदेश, विजय**
(ग) आ = **आजीवन, आगामी**

**2. निम्नलिखित समस्त पदों का समास भेद पहचानिए–**

**उत्तर–** (क) तत्पुरुष समास (✔) (ख) द्वंद्व समास (✔)
(ग) तत्पुरुष समास (✔) (घ) द्वंद्व समास (✔)

**3. अब आप अर्थ लिखकर वाक्य द्वारा अंतर स्पष्ट कीजिए–**

**उत्तर–** (क) दिन = (दिवस) – आज **दिन** बहुत अच्छा है।
दीन = (गरीब) – हमें **दीन** लोगों की सहायता करनी चाहिए।
(ख) सुना = (सुनना) – मैंने यह गाना पहले भी **सुना** है।
सूना = (खाली) – तुम्हारे बिना घर **सूना** लगता है।
(ग) अन्न = (अनाज) – किसान ने **अन्न** एकत्रित कर दिया।
अन्य = (दूसरा) – यहाँ **अन्य** व्यक्ति खड़ा था।
(घ) कपट = (छल) – नेहा के मन में बहुत **कपट** है।
कपाट = (दरवाजा) – मंदिर के **कपाट** बंद है।

**4. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) राजकुमारी ने विरोचन के सामने एक **शर्त** रखी।
(ख) ऋषिकुमार **निर्धन** था। (ग) उसकी **ख्याति** दूर-दूर तक फैली थी।
(घ) शिक्षक छात्र के जीवन में **निर्णायक** भूमिका निभाते हैं।

**5. पाठ से तीनों प्रकार की दो-दो संज्ञाएँ ढूँढ़कर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) केशनी सुधन्य (ख) राजा राजकुमारी
(ग) सुखी समानता

**6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) बेटा सुत (ख) संपत्ति दौलत
(ग) मोहक खूबसूरत (घ) वक्त काल
(ङ) गरीब दीन (च) शादी ब्याह

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-5
## काले बादल
## अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (i) (ख) (iii) (ग) (i) (घ) (ii) (ङ) (i) (च) (ii)

**2. निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या कीजिए–**

**उत्तर–** **व्याख्या–**कवि कह रहा है कि–उसे मृत्यु का भ्रम नहीं है, लेकिन उसे अन्याय से भी कोई प्रेम नहीं है, क्योंकि अन्याय को स्वीकार करना मानव आचरण नहीं है। लोगों के बीच प्रेम और विश्वास की कमी है। कवि कहता है कि विभिन्न देशों और जातियों के बीच कब एकता होगी। वह एक नई मानवता की कल्पना करता है। जहाँ निराशा में आशा की एक सुनहरी किरण दिखाई दे रही है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) कवि राग-द्वेष से घृणा करता है।

(ख) काले बादलों से अभिप्राय विपत्तियों से है।

(ग) कवि के मन में जन-कल्याण तथा राग-द्वेष से रहित संसार की इच्छा कार्य कर रही है।

(घ) 'काले बादल में चाँदी की रेखा' का अर्थ बिजली चमकने से है जो बादल रूपी संकट से आशा की रोशनी सी प्रतीक होती है।

(ङ) कवि ने निराशा में से आशा की किरण के लिए चाँदी की रेखा तथा सोने की रेखा को प्रतीक दिया है।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** क) आकाश, गगन, व्योम (ख) मोर, मयूर, नीलकंठ

(ग) कष्ट, पीड़ा, दुःख (घ) बिजली, दामिनी, तड़ित

**2. निम्न शब्दों के भिन्नार्थक दो-दो वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | विधि | = **भाग्य/तरीका** | – | विधि का विधान अटल होता है।<br>इस सब्जी को बनाने की विधि बताओ। |
| (ख) | चाँदी | = **एक धातु/सफेद रंग** | – | यह अंगूठी चाँदी की बनी है।<br>उसके बाल चाँदी से सफेद है। |
| (ग) | चपला | = **बिजली/स्त्री** | – | चपला चमक उठी।<br>वह बड़ी चंचल चपला है। |
| (घ) | झिल्ली | = **एक कीट/महीन परत** | – | रात में झिल्ली की आवाज आती है।<br>दूध के ऊपर झिल्ली जम गई है। |

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

# पाठ-6
# बकरी दो गाँव खा गई
## अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (iii) (ख) (ii) (ग) (i) (घ) (i) (ङ) (i) (च) (i)

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) लोटा (ख) बादशाह अकबर (ग) पेड़
(घ) गन्ने का (ङ) आगरा, रोता-चिल्लाता (ङ) सुखी

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) आगरा की सड़कों पर एक किसान रोता-चिल्लाता घूम रहा था। क्योंकि उकी बकरी वह पीपल का पत्ता खा गई थी जिस पर बादशाह ने उसे दो गाँव देन का हुक्म लिखा था।

(ख) बादशाह को किसान की बात समझ आ गई थी कि यदि नीयत में खोट आ जाता है तो बरकत में भी अंतर आ जाता है।

(ग) बादशाह अकबर ने किसान को इनाम स्वरुप दो गाँव देने का हुक्म दिया।

(घ) जब अकबर को पता चला कि किसान केवल पच्चीस पैसे ही लगान देता है तो उसके मन में लालच आ गया था। उसने सोचा कि आगरा पहुँच कर किसान पर लगान बढ़ा दूँगा।

(ङ) एक मामूली किसान ने बादशाह को इंसानियत का पाठ पढ़ा दिया था। जहाँ नीयत अच्छी है वहाँ बरकत होती है। भंडार भरा रहता है। लालच और छोटापन आदमी को कभी सुखी नहीं बनाते।

### व्याकरण-ज्ञान

**1. निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम-चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** (क) "क्या?" एक गन्ने में इतना सारा रस।

(ख) अकबर ने कहा–"भाई तुम जानते हो मैं कौन हूँ?"

(ग) "अरे वाह! ऐसा रस तो हमने पहले कभी नहीं पीया।"

(घ) जाते-जाते सावधान किया–"इस बार इन गाँवों को बकरी से बचाना।"

**2. निम्नलिखित वाक्यों में आए विशेषणों के नीचे रेखा खींचिए–**

**उत्तर–** (क) बकरी <u>दो</u> गाँव खा गई। (ख) <u>सारा</u> दरबार <u>कहकहो</u> से गूँज उठा।

(ग) बादशाह अकबर <u>कुछ</u> समय पहले <u>एक</u> गाँव में गए थे।

(घ) किसान ने <u>एक</u> गन्ना तोड़ा और <u>बड़े</u> लोटे में रस भर लाया।

**3. निम्नलिखित वाक्यों को बहुवचन में बदलकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) बकरियाँ पत्ते खा गई। (ख) किसान अपने काम में लग गए।

(ग) इस बार गाँवों को बकरियों से बचाना।

(घ) आगरा की सड़कों पर किसान चिल्ला रहे थे।

**4. उपसर्ग लगाकर उदाहरणानुसार शब्द-निर्माण कीजिए–**

**उत्तर–** बे + **जान** = **बेजान** बे + **रहम** = **बेरहम** बे + **कसूर** = **बेकसूर**
बे + **घर** = **बेघर** अन + **जान** = **अनजान** अन + **सुना** = **अनसुना**
अन + **देखा** = **अनदेखा** अन + **पढ़** = **अनपढ़**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (समतामूलक और समावेशी शिक्षण)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-7
## तिवारी का तोता
### अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (ii) (ख) (ii) (ग) (i) (घ) (i) (ङ) (ii) (च) (ii)

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) पंडित तिवारी (ख) अभागा (ग) मौत (घ) घाव खाकर

**3. निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए–**

**उत्तर– आशय–**

(क) जंगल का तोता पिंजरे के तोते से कह रहा है कि तुझे शर्म आनी चाहिए। जिस जीवन पर तुझे गर्व है, वह जीवन पराधीन है। तुझे आजादी का महत्व नहीं पता, इसलिए तू गुलामी का जीवन जी रहा है।

(ख) जंगली तोता पिंजरे के तोते को समझा रहा है कि तूने कभी जोखिम नहीं उठाया और न ही कभी खुल हवा में उड़ान भरी। पिंजरे के तोते तूने जीवन का असली मजा ही नहीं लिया इसलिए वह इससे अनजान है।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) कहानी के अनुसार पिंजरे के तोते का यह दुर्भाग्य था कि वह गुलामी का जीवन जी रहा था।

(ख) जंगल के तोते ने पिंजरे के तोते से कहा कि–एक दिन अपने मालिक की बात न सुन और उसकी बात का उसकी बोली में जवाब न दे और फिर देख, क्या होता है!"

(ग) जंगली तोते और पिंजरे के तोते में यह अंतर था कि जंगली तोता तो आजाद था, वह अपनी मर्जी का मालिक स्वयं था जबकि पिंजरे का तोता एक गुलाम की जिंदगी बिता रहा था। उसे अपनी जरूरतों के लिए अपने मालिक पर निर्भर रहना पड़ता था।

(घ) पिंजरे का तोता कहता है–"मेरा मालिक मुझ पर मेहरबान है और यह मेरी खुशकिस्मती है कि उसने मुझे यह बना दिया है। वर्ना कौन मुझे पानी पिलाता? कौन मुझे दाना खिलाता? कौन रात के जाड़े और अँधेरे में मेरी रक्षा करता? और मेरे पड़ोस में बिल्लियाँ बहुत हैं, जिनके मुँह में दाँत हैं, पंजों में नाखून हैं, दिल में बेरहमी है। वे मुझे खा जातीं।"

(ङ) मरे हुए तोते की आत्मा ने यह इसलिए कहा क्योंकि उस जंगली तोते के कारण ही वह आजादी का महत्व जान सका।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. दो वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य बनाइए। निम्नलिखित उदाहरण देखिए,**

**समझिए और कीजिए–**

**उत्तर–** (क) मैं कैदी नहीं हूँ और मैं जब चाहूँ पिंजरे में घूम सकता हूँ।
(ख) मैं आज किसी की बात नहीं सुनूँगा क्योंकि मैं सिर्फ अपने मन की बात सुनूँगा।

**2. वचन बदलते हुए वाक्य दोबारा लिखिए–**

**उत्तर–** (क) पिंजरे के तोते बोले। (ख) बेटों ने तोतों को सींके चुभाई।
(ग) जंगली तोते खतरनाक होते हैं।
(घ) हमारी बातें समझने की कोशिश करें।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया के नीचे रेखा खींचिए–**

**उत्तर–** (क) उनके पास एक तोता <u>था</u>। (ख) मेरा घर मेरा कैदखाना <u>है</u>।
(ग) काशी में तिवारी जी <u>रहते</u> थे। (घ) पिंजरे के तोते ने <u>जबाव दिया</u>।
(ङ) हैरानी आँखों की पलकों पर <u>छाई हुई थी</u>।

**4. रेखांकित अंश में कौन-सा कारक प्रयुक्त हुआ है? लिखिए–**

**उत्तर–** (क) कर्म कारक (ख) अधिकरण कारक (ग) अपादान कारक
(घ) संप्रदान कारक (ङ) संबंध कारक

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-8
## नेताजी सुभाषचंद्र बोस
### अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (iii) (ख) (ii) (ग) (ii) (घ) (ii) (ङ) (iii)

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) गांधी (ख) हिटलर (ग) प्रभावती देवी
(घ) वियना (ङ) 5 जुलाई, 1943 (च) प्रोटेस्टेट

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) 16 अगस्त, 1945 को नेताजी सिंगापुर से हवाई जहाज द्वारा बैंकाक पहुँचे। आधे घंटे बाद जब जहाज उड़ा तो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कहते हैं कि 18 अगस्त को रात 9 बजे उनका देहांत हो गया।

(ख) नेताजी ने आह्वान किया, "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा।"

(ग) अंग्रेजी शासन से मुक्ति पाने के लिए अनेक भारतीयों ने अपने प्राणों की बाजी लगाई थी। बाल, वृद्ध, युवा तथा स्त्रियों, सभी ने इस आजादी में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। ऐसे देशभक्तों में एक महान देशभक्त थे नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आजादी के लिए भारत में ही नहीं, अपितु विदेशों में जाकर भारतीयों को एकत्रित किया और जीवनपर्यंत अपने देश को आजाद कराने में लगे रहे।

(घ) भारत की आजादी की लड़ाई दो प्रमुख मोर्चों पर लड़ी गई–एक शांति और अहिंसा वाला मोर्चा तथा दूसरा उग्र एवं क्रांतिकारी मोर्चा। पहला मोर्चा गाँधी जी सँभाले हुए थे और दूसरे मोर्चे का नेतृत्व सुभाषचंद्र बोस ने सँभाला।

(ङ) • सुभाषचंद्र बोस का सपना भारत को विदेशी शासनस से मुक्त कराना और एक सच्चा धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाना था।
• इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने आई०सी०एस० (ICS) की सरकारी नौकरी को लात मार दी और देश सेवा का रास्ता चुना।
• उन्होंने विदेशों (जर्मनी, जापान) की सहायता की, आज़ाद हिंद फौज, का गठन किया और अंग्रेज़ों के ख़िलाफ सशस्त्र विद्रोह का शंखनाद किया।

(च) सुभाषचंद्र की माता का नाम प्रभावती देवी तथा पिता का नाम रायबहादुर जानकीनाथ बोस था।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. 'ईय', 'ई', 'इक' और 'इत' प्रत्यय वाले अन्य तीन-तीन शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** ईय राष्ट्र + ईय = राष्ट्रीय स्थान + ईय = स्थानीय
शासक + ईय = शासकीय
ई गरीब + ई = गरीबी खुश + ई = खुशी
सर्द + ई = सर्दी
इक समाज + इक = सामाजिक विज्ञान + इक = वैज्ञानिक
इतिहास + इक = ऐतिहासिक
इत हर्ष + इत = हर्षित लिख + इत = लिखित
मोह + इत = मोहित

**2. संधि कीजिए–**

**उत्तर–** प्र + आरंभिक = **प्रारंभिक** देह + अंत = **देहांत**
प्रति + एक = **प्रत्येक** सम् + न्यासी = **संन्यासी**

**3. नीचे दिए गए शब्दों में शुद्ध शब्द पर (✔) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** नेतृत्व (✔) परीक्षा (✔) संन्यासी (✔)
अंतर्गत (✔) स्वास्थ्य (✔)

**4. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर इनका अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) मुँह की खाना = **पराजित होना**
युद्ध में मुँह की खाने पर भी शत्रु ने हार नहीं मानी।
(ख) बेड़ियाँ काटना = **आजाद करना**
नेताजी का एकमात्र उद्देश्य भारत की गुलामी की बेड़ियाँ काटना था।
(ग) न्यौछावर करना = **सब कुछ समर्पित करना**
सैनिक देश के लिए अपने प्राण भी न्यौछावर कर देते हैं।
(घ) पहाड़ टूट पड़ना = **भारी विपत्ति आना**
पिता की मृत्यु के बाद विपिन पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया।
(ङ) पहाड़ टूट पड़ना = **भारी विपत्ति आना**
पिता की मृत्यु के बाद विपिन पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया।

**5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए–**

**उत्तर–** उग्र = **नम्र** स्वर्ग = **नरक** गहरा = **उथला**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संतुष्ट | = | **असंतुष्ट** | स्वदेश | = | **विदेश** | आजादी | = | **गुलामी** |
| स्वतंत्रता | = | **परतंत्रता** | गिरफ्तार | = | **मुक्त/रिहा** | | | |

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (समान एवं समग्र शिक्षा)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-9
## पंच परमेश्वर
## अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (iii) (ख) (iii) (ग) (ii) (घ) (i) (ङ) (i)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) जुम्मन शेख और अलगू चौधरी में गाढ़ी मित्रता थी।

(ख) खालाजान ने पंचायत इसलिए बैठाई वह अपने भानजे जुम्मन से मासिक खर्चा चाहती थी और उसका जुम्मन के साथ अब गुजारा करना मुश्किल हो रहा था।

(ग) जुम्मन ने पंचायत से निवेदन किया कि–पंचो, तीन साल हुए खालाजान ने अपनी जायदाद मेरे नाम कर दी थी। मैंने उन्हें एवज़ में खाना-कपड़ा देना कबूल किया था। खुदा गवाह है, आज तक मैंने खालाजान को कोई तकलीफ़ नहीं दी। मैं उन्हें अपनी माँ के समान समझता हूँ। उनकी खिदमत करना मेरा फ़र्ज़ है, मगर औरतों में ज़रा अनबन रहती है। इसमें मेरा क्या बस है? खालाजान मुझसे माहवार खर्च अलग माँगती हैं। जायदाद जितनी है, वह पंचों से छिपी नहीं। उससे इतना मुनाफ़ा नहीं होता है कि माहवार खर्च दे सकूँ। इसके अलावा समझौते में माहवार खर्च का कोई ज़िक्र नहीं। नहीं तो मैं भूलकर भी इस झमेले में न पड़ता। बस, मुझे यही कहना है। आइंदा पंचों को अधिकार है, जो फ़ैसला चाहें करें।

(घ) अलगू के समसू साहु को एक बैल बेचा था, जिसकी कीमत समसू ने एक महीने बाद देने का वादा किया था। लेकिन समसू ने बैल से इतना अधिक काम लिया कि वह महीने भर में ही मर या। अब समसू मरे हुए बैल के पैसे देने को तैयार नहीं था, यही उनके झगड़े का कारण था।

(ङ) अलगू का यह फैसला सुनते ही जुम्मन सन्नाटे में आ गए। जो अपना मित्र हो, वह शत्रु का व्यवहार करे और गले पर छुरी फेरे, इसे समय के फेर के सिवा और क्या कहें? जिस पर पूरा भरोसा था उसने समय पड़ने पर धोखा दिया।

(च) जब समझू साहु ने पंचायत के लिए जुम्मन का नाम प्रस्तावित किया, तो जुम्मन बड़ा खुश हुआ। इसे लगगा कि अब वह सरपंच बनकर अलू से अपना पुराना बदला ले सकेगा और उसके खिलाफ फैसला सुनाकर उसे नीचा दिखाएगा।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. निम्नलिखित के साथ उचित क्रियाएँ जोड़कर नई क्रियाएँ बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नाम | = | **नाम करना** | नाश | = | **नाश होना** |
| सहन | = | **सहन करना** | चिंता | = | **चिंता करना** |

**2. इसी प्रकार निम्नलिखित के विपरीतार्थक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पूर्ण | = | **अपूर्ण** | निद्रा | = | **अनिद्रा** |
| आर्य | = | **अनार्य** | अल्प | = | **अनल्प** |

**3. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जीक्र | = | **जिक्र** | शीछा | = | **शिक्षा** |
| दबरार | = | **दरबार** | नीरवाह | = | **निर्वाह** |

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (कौशल विकास)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-10
## छोटा जादूगर
## अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (iii) (ख) (i) (ग) (ii) (घ) (i) (ङ) (iii)

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) दीर्घ श्वास (ख) निकम्मा (ग) बिजली (घ) माँ (ङ) साधन

**3. निम्नलिखित वाक्यों का आशय स्पष्ट कीजिए–**

**उत्तर–** (क) उसकी वाणी में कहीं बनावट न थी क्योंकि वह स्पष्टवादी तथा मेहनती लड़का था।

(ख) उसके मुँह पर तिरस्कार की हँसी फूट पड़ी क्योंकि वह अपनी जीविका के लिए घर से निकला था न कि तमाशा देखने।

(ग) उसके मुँह पर वही परिचित तिरस्कार की रेख फूट पड़ी क्योंकि आज उसकी माँ मृत्यु के समीप थी लेकिन फिर भी उसे तमाशा दिखाने आना पड़ा।

(घ) उज्ज्वल धूप में समग्र संसार जैसे जादू-सा लेखक के चारों ओर नृत्य करने लगा क्योंकि उस लड़के की माँ उसे छोड़कर संसार से चल बसी थी।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) श्रीमती जी ने धीरे से उसे एक रुपया दे दिया।

(ख) छोटा जादूगर ने अपनी कुशलता से ताश के पत्तों का रंग बदला, मिट्‌टी के खिलौने को जीवित जैसा व्यवहार कांत पिवायासर (जैसे बिल्ली का रुकना, भालू का मनाना और बंदर का छुड़कना) और गुड़िया का ब्याहश्चावर अपनी वाचलता और दर्शकों का मंत्र मुग्ध कर दिया।

(ग) उसके गले में फटे कुरते के ऊपर से एक मोटी-सी सूत की रस्सी पड़ी थी

और जेब में कुछ ताश के पत्ते थे। उसके मुँह पर गंभीर विषाद के साथ धैर्य की रेखा थी।

(घ) छोटा जादूगर अपनी बीमार माँ को छोड़कर कुछ पैसे कमाने के लिए निकला था, क्योंकि उनकी जीविका इसी तरह चलती थी।

(ङ) छोटा जादूगर लेखक की मीटर कार में बैठकर तेज़ी से अपनी झोपड़ी तक पहुँचा जब वह झोपड़ी के भीतर पहुँचा, तो उकी माँ ये मुँह से 'वे' शब्द पूरा निकलने से पहले ही उनके प्राण पखेरु हो गए। अर्थात् उसकी माँ की मृत्यु हो गई थी।

(च) छोटे जादूगर के परिवार में उसकी माँ और बाबू जी थे। उसके पिता देश सेवा के कारण जेल में थे।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. निम्नलिखित शब्दों में 'ता' प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व्यग्र | + | **ता** | = | **व्याग्रता** | सुरम्य | + | **ता** | = | **सुरम्यता** |
| निर्मल | + | **ता** | = | **निर्मलता** | वाचाल | + | **ता** | = | **वाचालता** |

**2. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भूल | = | **गलती** | शाम | = | **संध्या** | क्रोध | = | **गुस्सा** |
| बोली | = | **भाषा** | प्रसन्न | = | **खुश** | बिजली | = | **विद्युत** |

**3. निम्नलिखित अनुच्छेद में उचित विराम-चिह्न लगाकर पुनः लिखिए–**

**उत्तर–** मैंने पूछा, "और उस परदे में क्या है? जहाँ तुम गए थे?" "नहीं, वहाँ मैं न जा सका। टिकट लगता है।" मैंने कहा "तो चलो, मैं तुमको वहाँ लिवा ले चलूँ।" मैंने मन-ही-मन कहा, "भई, आज के तुम्हीं मित्र रहे।" उसने कहा, "वहाँ जाकर क्या कीजिएगा? चलिए, निशाना लगाया जाए।"

**4. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर इनका अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) नौ दो ग्यारह होना = **भाग जाना**

वह लड़का रुपया लेकर नौ दो ग्यारह हो गया।

(ख) आँसू निकल पड़ना = **रो देना**

उसकी बीमार माँ को देखकर लेखक के आँसू निकल पड़े।

**5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाल | = | **सफेद** | इच्छा | = | **अनिच्छा** | संध्या | = | **प्रातः** |
| विषाद | = | **हर्ष** | स्मरण | = | **विस्मरण** | स्वीकार | = | **अस्वीकार** |

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-11
## ऐसी वाणी बोलिए
### अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (iii) (ख) (iii) (ग) (iii) (घ) (ii) (ङ) (i)

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) कर्णकटु (ख) बाणभट्ट (ग) शिष्टता (घ) कर्म

3. **निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए–**

**उत्तर– आशय–**

(क) इसका आशय है कि दुनियाँ में बनावटी सज्जनता दिखाने वालों की कमी नहीं है। ऐसे लोग सज्जन या अच्छे दिखते हैं लेकिन उनके मन में छल, कपट भरा होता है।

(ख) यदि हृदय में बुराई, छल और कपट भरा हुआ है तो मुख से कभी मधुर बोल नहीं निकल सकते। अर्थात् मन की गंदगी को साफ करना आवश्यक है अन्यथा भाषा पर उसका प्रभाव अवश्य ही दिखाई पड़ेगा। इन दोनों का परस्पर कोई मेल नहीं है।

4. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) भाषा के कारण ही मनुष्य उत्तरोत्तर उन्नति करता चला आया है। अन्य जानवरों की अपेक्षा मनुष्य भौतिक बल में न्यून होते हुए भी अपनी बुद्धि और भाषा के सहारे सबसे अधिक सबल हो गया है। उसने पंच-महाभूत को अपने वश में कर लिया है।

(ख) मधुर वचनों के साथ यह भी आवश्यक है कि उनके पीछे भाव भी शिष्ट-मधुर हों, नहीं तो मुलम्मे के सिक्कों की भाँति बेकार रहेंगे। हृदय की मलिनता और मधुर वचनों का योग नहीं हो सकता है। वचन के अनुकूल जब कर्म होते हैं, तभी मनुष्य वंद्य बनता है।

(ग) भाषा केवल बातचीत का साधन नहीं है बल्कि यह मनुष्य के सामाजिक चरित्र का परिचय देती है। एक शिष्ट और मधुर वाली बोलने वाला व्यक्ति माज में अधिक प्रभावशाली और लोकप्रिय होता है।

(घ) वाणी और व्यवहार की शिष्टता इसलिए आवश्यक है क्योंकि यह मनुष्य को समाज में आदर का पात्र बनाती है, शिष्ट वाणी से दूसरों का मन प्रसन्न होता है और समाज में सद्भावना बनी रहती है; जबकि शिष्टता संबंधों में कड़वाहट पैदा करती है।

**व्याकरण-ज्ञान**

1. **निम्नलिखित शब्दों से प्रत्यय अलग करके लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द्रवित | = | **द्रव** | शिष्टता | = | **शिष्ट** | आर्थिक | = | **अर्थ** |
| वांछनीय | = | **वांछ** | आत्मीयता | = | **आत्मीय** | साहित्यिक | = | **साहित्य** |

2. **निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| यथेष्ट | = | **यथा + इष्ट** | वार्तालाप | = | **वार्ता + आलाप** |
| स्वाभिमान | = | **स्व + अभिमान** | मनोनुकूल | = | **मनः + अनुकूल** |

3. **निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भाषा | = | **स्त्रीलिंग** | हृदय | = | **पुल्लिंग** | उन्नति | = | **स्त्रीलिंग** |
| भाषण | = | **पुल्लिंग** | मर्यादा | = | **स्त्रीलिंग** | शिष्टाचार | = | **पुल्लिंग** |

**4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) उधर से अच्छी **गंध** आ रही है।

(ख) **भाषा** से व्यक्ति अपनी विशेष पहचान बनाता है।

(ग) हमारा व्यवहार ही हमारे संस्कार **प्रकट** करता है।

(घ) मनुष्य ने अब बहुत **उन्नति** कर ली है।

(ङ) वार्तालाप में **शिष्टता** बहुत आवश्यक है।

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-12

## मुक्ति-मार्ग

### अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (i) (ख) (ii) (ग) (iii) (घ) (i) (ङ) (i)

**2. निम्नलिखित वाक्यों को उचित शब्द द्वारा पूर्ण कीजिए–**

**उत्तर–** (क) बुड्ढे (ख) हाहाकार (ग) अंधकार (घ) आम (ङ) आग

**3. किसने, किससे कहा–**

**उत्तर–** (क) बुद्धू ने झींगर से (ख) ब्राह्मण ने झींगुर से

(ग) हरिहर ने झींगुर से (घ) बुद्धू ने झींगर से

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) झींगुर को घर से निकलना मुश्किल हो गया। जिधर जाता, ताने सुनने पड़ते। तुम्हीं ने हमारा सर्वनाश किया। तुम्हीं घमंड के मारे धरती पर पैर न रखते थे। आप-के-आप गए, अपने साथ सारे गाँव भर को डुबो दिया। बुद्धू को न छेड़ता तो आज यह दिन क्यों देखना पड़ता?

(ख) तीन मास का भिक्षा-दंड दिया, फिर सात तीर्थ-स्थानों की यात्रा, उसी पर पाँच सौ विप्रों का भोजन और पाँच गऊओं का दान। बुद्धू ने सुना तो रोने लगा। बहुत कहा तो दंड घटाकर दो मास कर दिया। इसके सिवा कोई रिआयत नहीं।

(ग) यह एक रहस्य है कि भलाइयों में जितना द्वेष होता है, बुराइयों में उतना ही प्रेम। विद्वान विद्वान को देखकर, साधु साधु को देखकर और कवि कवि को देखकर जलता है। पर जुआरी जुआरी को देखकर, शराबी शराबी को देखकर चोर चोर को देखकर सहानुभूति दिखाता है, सहायता करता है।

(घ) यह एक ऐसी कहानी है जो सामाजिक पाखंड तथा मानवीय कमजोरियों को उजागर करती है। साथ ही उन पर कटाक्ष भी किया गया है। इसलिए इसका शीर्षक उपयुक्त है। इसका अन्य शीर्षक 'उद्धार' हो सकता है।

(ङ) भेड़ों का झुंड बुद्ध का था। भेंडे झींगुर के खेत में बुद्ध की बेपरवाही तथा उसके घमंड के कारण चली गई थी।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विकट | = | **सरल** | गरीब | = | **अमीर** |
| वीरता | = | **कायरता** | दुरमति | = | **सुमति** |

**2. अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तिव्र | = | **तीव्र** | ग्रसत | = | **ग्रस्त** |
| भिछा | = | **भिक्षा** | अर्नथ | = | **अनर्थ** |

**3. वि, प्र, सु उपसर्ग तथा ता, ई प्रत्यय लगाकर दो-दो शब्द बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्र | = | **प्रयोग, प्रभाव** | ई | = | **गरीबी, अमीरी** |
| ता | = | **सुंदरता, महानता** | वि | = | **विज्ञान, विदेश** |

**4. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खेती करने वाला | = | **किसान** | भेड़ें चराने वाला | = | **गड़रिया** |
| खेत जोतने वाला | = | **हलवाहा** | दर्शन करने वाला | = | **दर्शनार्थी** |

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (बौद्धिक विकास)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-13
## भारत की सांस्कृतिक एकता
### अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (ii)  (ख) (ii)  (ग) (ii)

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) उपकरण  (ख) जातियाँ

(ग) इंकार  (घ) अग्रगण्य

**3. निम्नलिखित पंक्तियों की व्याख्या कीजिए–**

**उत्तर–** **व्याख्या–**इसका अर्थ है कि हर समुदाय या समूह का एक विशिष्ट सामूहिक व्यक्तित्व होता है। यह व्यक्तित्व उनकी सोच, जीवन जीने के तरीके, परंपराओं, पहनावे, कला और साहित्य जैसी विभिन्न सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से स्पष्ट होता हे। यही मिलकर उस समूह की अनूठी पहचान बनाते हैं।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) साहित्य में राष्ट्रीय एकता के दर्शन सामाजिक समरसता, भाषाई सद्भाव, सांस्कृतिक समन्वय और देशभक्ति की भावना के माध्यम से होते हैं।

(ख) मुसलमानों और ईसाईयों ने यहाँ की संस्कृति को प्रभावित किया है, वे यहाँ की संस्कृति से प्रभावित हुए हैं। भारतीय सूफी कवियों ने वेदांत की भावभूमि को अपनाया है। तानसेन और ताज पर हिंदू-मुसलमान समान रूप से गर्व

करते हैं। जायसी, रहीम, रसखान आदि अनेक मुसलमान कवियों ने अपनी वाणी से हिंदी की रसमयता बढ़ाई है।

(ग) भाषाओं का भेद होते हुए भी विचारों की एकध्येयता रही है। भारत की विभिन्न भाषाओं के साहित्य का धूमिल इतिहास घुला-मिला सा प्रतीत होता है। उनके बीच कोई अभेद्य दीवार न थी। मीरा गुजराती और हिंदी में समान रूप से कवयित्री मानी जाती हैं। मीरा के गीतों से बंगाल भी प्रभावित हुआ है। भूषण की वाणी का महाराष्ट्र में भी आदर हुआ था।

(घ) हमारे भारतीय धर्मों में भेद होते हुए भी उनमें एक सांस्कृतिक एकता है, जो उनके अवरोध की परिचायक है। वही त्याग और तप एवं मध्यम मार्ग की संयममयी भावना हिंदू, बौद्ध जैन और सिख संप्रदायों में समान रूप से विद्यमान् है। एक धर्म के आराध्य दूसरे धर्म के महापुरुष के रूप में स्वीकार किए गए हैं।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राष्ट्र | = | **देश** | **वतन** | भारत | = | **हिंदुस्तान** | **इंडिया** |
| अवयव | = | **अंग** | **भाग** | आराध्य | = | **उपास्य** | **पूजनीय** |

**2. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रक्षा | = | **क्षति** | ह्रास | = | **विकास** | दरिद्र | = | **संपन्न** |
| स्वार्थ | = | **निस्वार्थ** | एकता | = | **अनेकता** | सुसंगठित | = | **असंगठित** |

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (पारंपरिक ज्ञान का विकास)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-14
## सेर को सवा सेर
### अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (ii)  (ख) (i)  (ग) (i)

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) शासन काल  (ख) पसीना
(ग) बाहर  (घ) पत्थर का

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) साधुओं की एक टोली ने आगरा में प्रवेश किया।

(ख) कीर्तन की मधुर आवाज पहरेदार के कानों में पड़ी तो वह दौड़ा-दौड़ा आया और बोला–"बंद करो यह गाना! चलो दरबार में।

(ग) तानसेन को सिर लटकाए देख बैजू ने कहा–"जहाँपनाह! कला पर किसी अकेले का अधिकार नहीं होता। साधना और सच्ची लगन से उसे कोई भी

प्राप्त कर सकता है। खेद है, तानसेन ने संगीत को अपनी जायदाद समझ लिया था। यह संगीत का अपमान था। मैंने उसी अपमान का कलंक धोया है।" यह सुनकर तानसेन बैजू के कदमों में झुक गया।

(घ) तानसेन का संकेत पाकर नौकर ने बरतन में एक पत्थर का टुकड़ा रख दिया। तानसेन ने गाना शुरू किया। मुग्ध होकर वह तानसेन के संगीत का आनंद लेने लगा। संगीत के जादू ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। जब संगीत थमा तो सभी ने देखा, बरतन में रखा पत्थर मोम की तरह पिघल रहा है। तानसेन ने झट एक जोड़ी मजीरे उस पिघलते हुए पत्थर पर रख दिए। संगीत का जादू समाप्त हुआ तो पत्थर धीरे-धीरे ठंडा होकर जम गया और उस पर रखे मजीरे भी जम गए।

(ङ) तानसेन अन्य गायकों से ईर्ष्या करता था क्योंकि वह संगीत पर अपना एकाधिकार समझता था ओर उसे अपनी कला पर घमंड हो गया था।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण शब्द अलग कीजिए–**

**उत्तर–** सच्चा गुरु = **सच्चा** सच्ची लगन = **सच्ची**

मधुर आवाज = **मधुर** भयभीत साधु = **भयभीत**

**2. विपरीतार्थक शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**

**उत्तर–** (क) निण्कलंक (ख) ससंकोच (ग) अनुचित

(घ) निसंदेह (ङ) अशुद्ध

**3. निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) दोस्त को पीटते देखकर मेरा **खून खौल गया**।

(ख) जादू का खेल देखकर बच्चे **अवाक् रह गए**।

(ग) झूठ पकड़े जाने पर रामू ने **सिर लटका लिया**।

(घ) उसे डॉक्टर बनने की **धुन सवार** थी।

(ङ) आधी रात को आवाज सुनकर मेरा **माथा ठनक गया**।

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-15

## शरत्चंद

### अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (iii) (ख) (iii) (ग) (ii) (घ) (i) (ङ) (ii)

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) डाकुओं (ख) स्कूल (ग) सीधा, भोला

(घ) साधु, मुजफ्फरपुर (ङ) प्रकाश, पूर्णचंद्र (च) भुवनमोहिनी

(छ) लेखक

**3. निम्नलिखित आशय स्पष्ट कीजिए–**

**उत्तर–** आशय–

**उत्तर–** (क) शरत् ने पहली बार बंगाल की नारी को पालतू पशु की अवस्था से उठाकर मनुष्य के पद पर बैठाया। इसीलिए उनकी सत्तावनवीं जन्मतिथि के उपलक्ष्य में बंगाल की नारियों ने उनका अभिनंदन किया।

(ख) लिखना तो साधना है और शरत् सचमुच ही साधक थे। वर्षों तक चुपचाप उनकी साधना चलती रही। वह पढ़ते भी खूब थे। पुस्तकालय से सबसे अधिक पुस्तकें लाते। तुरंत कहानी बनाकर साथियों का मनोरंजन करना भी उन्हें खूब आता था।

(ग) दूसरों का दर्द देखकर वे केवल रोकर ही नहीं रहे जाते थे, उस दर्द को दूर करने के लिए जो कुछ हो सकता था, करते थे। 5 फरवरी 1912 की बात है। इनके पड़ोस में आग लग गई। देखते-देखते इनका मकान भी जलने लगा। जल्दी में बहुत थोड़ा सामान उतार सके। लेकिन तभी पता लगा कि पड़ोसी का एक बकरी का बच्चा अंदर रह गया है। शरत् अपने प्राणों को संकट में डालकर अंदर गए और बच्चे को बाहर निकाल लाए।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) कई महीने बाद साधु के वेश में वह मुजफ्फरपुर पहुँचे। यहाँ वह शीघ्र ही लोकप्रिय हो गए क्योंकि बाँसुरी बहुत सुंदर बजाते थे और खूब सेवा करते थे। वे रोगी जिनका कोई नहीं था, शरत् उनकी जी-जान से सेवा करते, जो असहाय व्यक्ति मर जाते उनका आदर के साथ संस्कार करते।

(ख) शरत् का गृहस्थ जीवन बहुत सुखी था। उनकी पत्नी हिरण्यमयी देवी जिसे वह 'बहू' या 'बड़ी बहू' कहकर पुकारते थे, बहुत पति-परायणा थीं। वह बहुत सरल, व्रत-उपवास करने वाली तथा अतिथियों से प्रेम करने वाली हिंदू महिला थीं।

(ग) इस बालक पढ़ने की बड़ी धुन थी। पूरी रात बीत गई और पता ही नहीं लगा। याददाश्त भी गजब की थी। एक कहानी सुनिए। कॉलेज में विज्ञान की परीक्षा थी। इनके लिखे उत्तरों को पढ़कर परीक्षक हैरान रह गया। सोचा, 'हो-न-हो इसने नकल की है।' उसने उन्हें बुलाया और फिर से नए प्रश्न पूछे। इन्होंने उनके जो उत्तर दिए उन्हें सुनकर परीक्षक को उनकी स्मरण-शक्ति का लोहा मानना पड़ा। ऐसा था यह अनोखा बालक।

(घ) देश भर ने मुक्त कंठ से उनकी प्रशंसा की। महाकवि रवींद्रनाथ ठाकुर ने गद्‌गद् होकर कहा कि वह प्रेम की प्रतिमा थे। मृत्यु उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। वह तो देश के हृदय में बसे हुए हैं और सदा बसे रहेंगे। ठीक ही तो है। शरत्चंद्र जैसे लेखक कभी नहीं मरते। उनका साहित्य अमर है, वह भी अमर हैं। उनकी रचनाओं को पढ़ते हुए हम और आप सदा उनको अपने हृदय में पाएँगे।

(ङ) शरत् की कहानी उनके कुत्ते के बिना पूरी नहीं हो सकती। उसका नाम था भेलू। बड़ा बदसूरत और बहुत ही भौंकने वाला। आने वाले उससे बेहद घबराते थे। जब वह बीमार पड़ा तो शरत् ने अपने बेटे से भी अधिक प्यार से

उसका इलाज करवाया, लेकिन वह बच नहीं सका। तब वह इतना रोए, इतना रोए कि सब दाँतो तले उँगली दबाने लगे। बड़े प्यार से उन्होंने शिवपुर के अपने घर में उसकी समाधि बनवाई।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. निम्नलिखित वाक्यों को प्रश्नवाचक वाक्यों में बदलिए–**

**उत्तर–** (क) उस काल में कौन दुखी थी? (ख) चाँद कब पूरा निकलता है?

(ग) वह रातों-रात किसके पास चली गईं?

(घ) कौन उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती?

(ङ) शरत् का गृहस्थ जीवन कैसा था?

**2. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** (क) लोगों ने चोर को **मार-मारकर** अधमरा कर दिया।

(ख) दादी जी **धीरे-धीरे** चलती हैं।

(ग) शरत् की दादी **रातों-रात** अपने भाई के यहाँ चली गईं।

(घ) वह बच्चा **इधर-उधर** घूमता रहता था।

(ङ) सोनू **डरते-डरते** जंगल से गुजरा।

**3. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए–**

**उत्तर–** (क) कॉलेज में विज्ञान की परीक्षा थी।

(ख) जमकर काम करने की आदत ही नहीं थी।

(ग) अँधेरा हुआ नहीं कि रास्ते पर डाकू अड़े नहीं।

(घ) आवाज सुनकर किसी की हिम्मत न हुई कि सामने आए।

(ङ) शरत् की कहानी उनके कुत्ते के बिना पूरी नहीं हो सकती।

**4. निम्नलिखित शब्दों का लिंग परिवर्तित करके वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) **पिताजी** को रंगीन पत्थर रखने का शौक था।

(ख) वह एक **लेखिका** है। (ग) **बालिका** रंगोली सजा रही है।

(घ) हमारी **पड़ोसन** बहुत झगड़ालू है। (ङ) **अध्यापिका** छात्रों को पाठ पढ़ा रही है।

**5. निम्नलिखित वाक्यों को जोड़कर एक सरल वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** (क) छुटपन में वह बहुत शरारत करता इसलिए माँ उसे मारती।

(ख) उसका नाम था भेलू और वह बड़ा बदसूरत और बहुत ही भौंकने वाला था।

(ग) इन कहानियों से उनकी धाक जम गई तथा सभी उनसे रचनाएँ माँगने लगे।

(घ) शरत् केवल लेखक ही नहीं थे बल्कि स्वाधीनता-संग्राम के एक सेनानी भी थे।

(ङ) उनके पड़ोस में आग लग गई और देखते-देखते उनका मकान भी जलने लगा।

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## आदर्श प्रश्न-पत्र-1

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## आदर्श प्रश्न-पत्र-2

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-1
## कोशिश करने वालों की
## अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (i) (ख) (iii) (ग) (i) (घ) (i)
(ङ) (iii) (च) (i) (छ) (i)

**2. कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए–**

**उत्तर–** (क) आखिर उसकी **मेहनत बेकार नहीं होती,**
**कोशिश करने वालों की कभी हार** नहीं होती।

(ख) डुबकियाँ **सिंधु में गोताखोर लगाता है,**
**जा जाकर खाली हाथ लौटकर** आता है।

(ग) जब तक **न सफल हो, नींद-चैन को त्यागो तुम,**
**संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम।**
**कुछ किए बिना ही जय-जयकार नहीं होती,**
**कोशिश करने वालो की कभी** हार नहीं होती।

**3. निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए–**

**उत्तर–** **भावार्थ**–असफलता से निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार करके अपनी कमियों को पहचानना और सुधारना चाहिए। सफलता प्राप्त होने तक आराम और शांति को त्यागकर, निरंतर संघर्ष करते रहना चाहिए। कभी हार नहीं माननी चाहिए।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सफलता प्राप्त करने का एक ही मंत्र है–निंरतर संघर्ष करना। हमें सफलता पाने के लिए हमेशा प्रयत्न करते रहना चाहिए।

(ख) सांसर में उन्ही की जप-जयकार होती है। जो कर्मठ होते है। और संघर्ष करते हैं। बिना कुछ किए या बिना मेहनत के किसी का नाम नहीं होता, जो लो हार नहीं मानते, समाज उन्हीं का सम्मान करता हैं।

(ग) यदि नाविक लहरों से डरेगा तो वह अपनी नाव पार नहीं कर सकेगा उसी प्रकार यदि चींटी चढ़ाई पर चढ़ते हुए गिरकर हार मान ले तो वह कभी ऊँचाई पर न चढ़ सकेगी। कवि का आशय यह है कि हमेशा प्रयत्न करते रहना चाहिए क्योंकि संघर्ष के बिना सफलता नहीं मिल सकती।

(घ) असफलता को चुनौती के रूप में मानने से व्यक्ति और अधिक लगन से प्रयास करता है जिसके परिणामस्वरूप उसे सफलता प्राप्त होती है।

(ङ) समुद्र में कूदने वालों को हर बार सफलता नहीं मिलती कई बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। परंतु वे निरंतर कोशिशें करते रहते है तब जाकर मोती पाते हैं।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. कविता में से तुकांत शब्द छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) हार (ख) हैरानी (ग) अखरता (घ) भागो
(ङ) हार (च) फिसलती (छ) आता (ज) सुधार

**2. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखो और वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) हार × जीत – प्रयास करने से ही **जीत** मिलती है।
(ख) उथला × गहरा – मोती **गहरे** पानी में मिलते हैं।
(ग) असफल × सफल – संघर्ष करने से ही व्यक्ति **सफल** होता है।
(घ) निरुत्साह × उत्साह – सभी ने बड़े **उत्साह** से प्रतियोगिता में भाग लिया।
(ङ) अविश्वास × विश्वास – हमें अपने ऊपर **विश्वास** रखना चाहिए।

**3. द्विगु समास के पाँच उदाहरण लिखिए–**

**उत्तर–** चौराहा दोपहर पंचतंत्र त्रिलोक त्रिदेव

**4. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) पराजय शिकस्त (ख) समुद्र सागर
(ग) नाव किश्ती (घ) पिपीलिका पिपली
(ङ) जोश उमंग (च) प्रयास प्रयत्न

**5. निम्नलिखित शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) नाविक (ख) कर्मवीर (ग) गोताखोर (घ) कामचोर

**6. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) असफल (ख) जन्म (ग) जीत
(घ) पाताल (ङ) बलवान (च) नीचे

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-2
## थॉमस एल्वा एडीसन
## अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (iii) (ख) (iii) (ग) (iii) (घ) (ii) (ङ) (i) (च) (i)

**2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) स्वास्थ्य (ख) विज्ञान (ग) कनपटी (घ) एडीसन (ङ) तारघर

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) अक्टूबर, 1931 में इस महान् वैज्ञानिक का देहांत हो गया।
(ख) इसके पिता सेमुअल एडीसन सेना में नौकरी करते थे। एडीसन की माता का नाम लैंसी इलियट था। वह विदुषी थीं। स्कूल में अध्यापिका का काम करते हुए वह घर का सारा काम-काज करती थीं।
(ग) विज्ञान ने मनुष्य के जीवन में भारी परिवर्तन ला दिए हैं। यूँ कहें तो ज्यादा अच्छा होगा कि विज्ञान ने ही मनुष्य के जीवन को सुगम और सरल बना दिया है। विज्ञान का योगदान मनुष्य के जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हैं।

(घ) एक दिन वह गाड़ी में परीक्षण कर रहा था कि अचानक फास्फोरस से आग लग गई। गार्ड ने गाड़ी रोककर आग बुझवाई। क्रोध में आकर गार्ड ने एडीसन की कनपटी पर एक घूँसा जमाया। इससे एडीसन कुछ बहरा हो गया। फिर वह पहले की तरह सुनने योग्य जीवन-भर न हो सका।

(ङ) एडीसन को न्यूयार्क की एक कंपनी में अच्छी नौकरी मिल गई। उसने कंपनी के एक बिगड़े हुए यंत्र को बिल्कुल ठीक कर दिया। इस पर उसे सब कारीगरों का मुखिया बना दिया गया और अब उसे 300 डालर मासिक वेतन मिलने लगा।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. निम्नलिखित वाक्यों में से कर्ता को अलग करके लिखिए–**

**उत्तर–** (क) गार्ड (ख) एडीसन (ग) राष्ट्रपति

**2. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| देहांत | = | **देह + अंत** | सदुपयोग | = | **सत् + उपयोग** |
| प्रोत्साहित | = | **प्र + उत्साह + इत** | प्रयोगशाला | = | **प्रयोग + शाला** |

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (अनुभवजनित शिक्षा)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

## पाठ-3
## गिल्लू
### अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (iii) (ख) (i) (ग) (iii) (घ) (ii) (ङ) (i) (च) (ii)

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) गिल्लू (ख) गिल्लू (ग) निश्चेष्ट, गमले
(घ) गिल्लू, प्रथम (ङ) गलहरियों, अवधि

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) गिल्लू का प्रिय भोजन काजू था।

(ख) भूख लगने पर 'चिक-चिक' करके मानो वह मुझे सूचना देता और काजू या बिस्कुट मिल जाने पर उसी स्थिति में लिफाफे से बाहर वाले पंजों से पकड़कर उसे कुतरता रहता।

(ग) जीवन के अंतिम क्षणों में वह अपने झूले से उतरकर मेरे बिस्तर पर आया और ठंडे पंजों से मेरी वही उँगली पकड़कर हाथ से चिपक गया जिसे उसने अपने बचपन की मरणासन्न स्थिति में पकड़ा था।

(घ) लेखक जैसे ही खाने के कमरे में पहुँचती, वह खिड़की से निकलकर आँगन की दीवार, बरामदा पार करके मेज पर पहुँच जाता और उनकी थाली में बैठ

जाना चाहता। उसे थाली के पास बैठना सिखाया, जहाँ बैठकर वह उनकी थाली में से एक-एक चावल उठाकर बड़ी सफाई से खाता रहता।

(ङ) लेखिका ने बच्चे को उठाकर घाव साफ किए, उस पर में निमितिन का मरतम लगाया और रुई की पतली बहती से दूध पिलाने की कोशिश की। कई घंटों के उपकार के बाद उसके मुँह में पानी की बूँद टपकाई जा सकी और वह बच गया।

**व्याकरण-ज्ञान**

**1. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियाविशेषण को छाँटकर उसका प्रकार बताइए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | दिनभर | कालवाचक क्रियाविशेषण |
| (ख) | दोपहर में | कालवाचक क्रियाविशेषण |
| (ग) | रात में | कालवाचक क्रियाविशेषण |
| (घ) | बरामदा पार कर | स्थानवाचक क्रियाविशेषण |

**2. निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | उद्देश्य | विधेय |
|---|---|---|
| (क) | वह | स्वयं हिलाकर अपने घर में झूला झूलता। |
| (ख) | मैंने | कीलें निकालकर जाली का कोन खोल दिया। |
| (ग) | निकट जाकर देखा, | गिलहरी का एक छोटा-सा बच्चा है। |
| (घ) | मेरे पास बहुत-से पशु-पक्षी हैं | और उनसे मुझे लगाव भी कम नहीं। |

**3. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रेम | = | **प्यार** | **स्नेह** | **लगाव** |
| रात | = | **रात्रि** | **निशा** | **रजनी** |
| काम | = | **कार्य** | **कर्म** | **काज** |
| सुबह | = | **प्रातः** | **भोर** | **प्रभात** |

**4. पाठ में से चार ऐसे शब्द ढूँढ़कर लिखिए जिनमें योजक-चिह्न का प्रयोग हुआ हो।**

**उत्तर–** इधर-उधर छुआ-छुओवल नन्हें-नन्हें चिक-चिक

**5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घृणा | = | **प्रेम** | मुक्त | = | **बंधन** | उष्ण | = | **शीत** |
| संध्या | = | **प्रातः** | जीवन | = | **मरण** | सुलभ | = | **दुर्लभ** |
| निश्चेष्ट | = | **सचेष्ट** | आवश्यकता | = | **अनावश्यक** | | | |

**रचनात्मक कार्य (Creative Work)**

**उत्तर–** छात्र स्वयं करें।

# पाठ-4
# शांति
## अभ्यासमाला

**1. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (ii) (ख) (ii) (ग) (ii)

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) धीरे-धीरे बरसने (ख) अंधकार (ग) तपस्या
(घ) काले बादलों से (ङ) अशांति, शांत

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) उसने देखा–एक आदमी, एक चील का चकुला और एक साँप का बच्चा मृत पड़ा था। उसके हाथ से कमंडल छूट गया। अब आकाश की ओर देखने का उसमें साहस तक नहीं रहा। शर्मिंदा होकर उसने अपनी आँखें धरती में गड़ाईं। उसकी आँखें धीरे-धीरे बरसने लगीं, क्योंकि सब कुछ उसकी इच्छा के विपरीत घट गया था।

(ख) चील बोली, "देखो बेटे, अब आखेट का समय हुआ। मैं पलभर में लौट आऊँगी। कल तुम अपने घोंसले से निकलने की कोशिश कर रहे थे। प्यारे, शायद तुम नहीं जानते हो कि तुम्हारे पंख अब भी कमजोर हैं। मैं आज तुम्हारे लिए सुंदर-सा सँपोला लाऊँगी। समझे! मेरी बातों का ख्याल रखना, भूलना नहीं।"

